राष्ट्रीय सेवा योजना
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
पता- शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला- बलिया, उ. प्र., पिन कोड- 277001
मोबाइल फोन नंबर- 9452400911 ई-मेल आईडी.- nssjncu@gmail.com

पत्रांक- जे.एन.सी.यू./एन.एस.एस./128/2024-25 दिनांक- 22/11/2024

अति महत्त्वपूर्ण

सेवा में,

समस्त कार्यक्रम अधिकारी,
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

**विषय- MY Bharat Outreach कार्यक्रम के आयोजन सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या- 40-08/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2024-25/6513-6639 दिनांक 8 नवंबर, 2024 (संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि **MY Bharat Portal भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसको कि सफल बनाया जाना आवश्यक है। भविष्य में उक्त पोर्टल समस्त युवाओं के लिए बहुत ही लाभदायक एवं महत्वपूर्ण रहेगा। युवाओं को भविष्य में रोजगार प्राप्त करने, ऋण प्राप्त करने तथा विभिन्न इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु एक ही माध्यम MY Bharat Portal का ही प्रयोग करना है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए दिनांक **25 नवंबर, 2024** तक विश्वविद्यालय परिसर तथा सभी महाविद्यालयों में **संलग्न पत्र के निर्देशों के अनुरूप MY Bharat Outreach** कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक इकाई को **MY Bharat Outreach कार्यक्रम तीन स्थानों- महाविद्यालय, नजदीक के एक महाविद्यालय एवं चयनित ग्राम सभा में आयोजित करना है। कार्यक्रम आयोजन की तिथि से इस कार्यालय को कार्यक्रम आयोजन के पूर्व आवश्यक रूप से अवगत करायें।**

**संलग्नक- यथोक्त।**

भवदीय
22/11/2024
डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-



Scanned with OKEN Scanner

1. निजी सचिव, कुलपति जी को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, एन.एस.एस से सम्बन्धित महाविद्यालय।
4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड), लखनऊ।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

22/11/2024

डॉ. (कृष्ण कुमार सिंह),
कार्यक्रम समन्वयक



Scanned with OKEN Scanner

**भारत सरकार**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

युवा कार्यक्रम विभाग

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

**<u>अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>**

**<u>अनुस्मारक-I</u>**

सं० 40-08/रा.से.यो./क्षे.नि./लख/2024-25/6513 - 6639 दिनांक: नवम्बर 07, 2024

सेवा में,

**समस्त कार्यक्रम समन्वयक,**
राष्ट्रीय सेवा योजना
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड

**विषय:** **My Bharat Outreach कार्यक्रम के संदर्भ में।**

**महोदय/महोदया,**

इस कार्यालय के उपरोक्त विषयक समसंख्यक पत्र दिनांक 23 अक्टूबर, 2024 (संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त के संबंध में आपके विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त जिलों की रा.से.यो. इकाइयों द्वारा **My Bharat Outreach कार्यक्रम दिनांक 7 नवम्बर, 2024 से पूर्व कराने हेतु अनुरोध किया गया था** किन्तु अभी तक उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 1575 महाविद्यालयों में से केवल 5 संस्थाओं तथा उत्तराखण्ड राज्य के 162 महाविद्यालयों में से अभी तक किसी भी संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित नहीं कराया गया है। **कार्यक्रम आयोजित न कराना एवं संस्थाओं की सूचना इस कार्यालय को समय से प्रेषित न करना बहुत ही चिन्तनीय विषय है।**

चूंकि MY Bharat Portal माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा गतवर्ष 31 अक्टूबर को कर्तव्यपथ, नई दिल्ली में युवाओं के संपूर्ण लाभ/विकास के लिए लांच किया गया था तथा माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसको कि सफल बनाया जाना आवश्यक है। भविष्य में उक्त पोर्टल समस्त युवाओं के लिए बहुत ही लाभदायक एवं महत्वपूर्ण रहेगा। युवाओं को भविष्य में रोजगार प्राप्त करने, ऋण प्राप्त करने तथा विभिन्न इंट्रेनशिप कार्यक्रम हेतु एक ही माध्यम MY Bharat Portal का ही प्रयोग करना है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त संदर्भ में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए **दिनांक 25 नवम्बर, 2024 से पूर्व सभी जिलों में कार्यक्रम सम्पूर्ण कराना सुनिश्चित करें** (1. बैनर पर एन.एस.एस. Logo के साथ MY Bharat का Logo प्रयोग करना है। 2. संलग्न पी.पी.टी./पी.डी.एफ. को दिखाते हुए पोर्टल के बारे में जानकारी देनी है। 3. युवाओं/स्वयंसेवकों के द्वारा MY Bharat Outreach कार्यक्रम की 2-3 मिनट की फीडबैक वीडियो भी तैयार करना है।) तथा आयोजित समस्त कार्यक्रमों की 2-3 मिनट की वीडियो क्लिप, एक्शन फोटोग्राफ, पेपर कटिंग उपलब्ध कराने तथा MY Bharat Portal पर कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा Event Create सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम आयोजन की तिथि से इस कार्यालय एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी को कार्यक्रम आयोजन से पूर्व आवश्यक रूप से अवगत कराएं। **साथ ही संलग्न प्रपत्र पर अपने संस्थाओं की सूचना इस कार्यालय को दिनांक 12.11.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।**

भवदीय

**(समर दीप सक्सेना)**
**क्षेत्रीय निदेशक**

संलग्नक: उक्तवत

**प्रतिलिपि:-**

1. **निदेशक, भारत सरकार,** रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
2. **कुल सचिव,** समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि माननीय प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट को सफल बनाने हेतु संदर्भितों को अपने स्तर से भी निदेशित करें।
3. **राज्य रा.से.यो. अधिकारी,** उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त के संदर्भ में अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner